¨Name		Roll Number	

SET A

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-20

HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code:MYHN310

CLASS: VII

Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

27.02.2020

Marks

प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों को किसने किससे कहा लिखिए। **2×1=2**

1 "क्या तुम ने मेरी बात नहीं सुनी ? तुम मेरी बातों का क्यों जवाब नहीं देते?"

2 "अगर आप ये शीशियाँ अभी खरीद लें, तो मैं आप से यही शीशियाँ एक महीने बाद दुगने दाम में खरीद लूँगा।"

प्रश्न 2 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति पठित पाठ के आधार पर कीजिए। **4×1=4**

1 बाँस का पेड़ पतला सा तथा ------------ था।

2 अली अबू के जूते बहुत -------------- थे ।

3 पेड़ की शाखाओं ने ------------हवाओं को रोकने की -------------- कोशिश की।

प्रश्न 3 दिए गए वाक्यों को पठित पाठ के आधार पर सही या गलत पहचानकर लिखिए। **1×3=3**

1 जामुन का पेड़ बहुत मज़बूत था । --------------

2 अली अबू काज़ी के पास नहीं गया था । --------------

3 पर्वत वीरों के सामने झुक जाते हैं। --------------

प्रश्न 4 नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **3×1=3**

1 कहानी 2 मुश्किल 3 घमंड

प्रश्न 5 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए। **8×1=8**

(क)कायर (ख) पर्वत (ग) हल (घ) श्रम
(ङ) वीर (च) मंजिल (छ) माई (ज) कठिन

प्रश्न 6 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। **7×2=14**

1 मोती किसे प्राप्त होता है?

2 बाँस के पेड से हमें क्या सीखना चाहिए ?

3 अली अबू ने क्या निश्चय किया ?

4 कायर व्यक्ति क्या करते हैं ?

5 हर मुश्किल का हल कैसे निकलता है ?

6 तेज़ तूफ़ान आने से जामुन के पेड़ की क्या दशा हुई?

7 व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु कौन है और इसके आने से क्या होता है ?

प्रश्न 7 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। **2x3=6**

1 जीवन में सफलता प्राप्ति का आधार क्या है ? कविता के आधार पर अपने विचार लिखिए।

2 जामुन के पेड़ ने बाँस के पेड़ को क्या सलाह दी और क्यों ?

3 अली अबू के जूते को मनहूस क्यों कहा गया था?

प्रश्न 8 दिए गए वाक्यों का कारक-भेद लिखिए। **2x1=2**

1 लता ने गृहकार्य कर लिया।

2 मोहन कलम से लिखता है।

प्रश्न 9 दिए गए वाक्यों की क्रियाओं का भेद लिखिए। **2x1=2**

1 राघव कार चला रहा है।

2 अध्यापक जी बच्चों को बुलाते हैं।

प्रश्न 10 दिए गए रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। **2x1=2**

1 मोहन ने पुस्तक खरीदी।

2 लड़की काम कर रही है।

प्रश्न 11 दिए गए वाक्यों के काल पहचानकर लिखिए। **2x1=2**

1 दिनेश मैदान में खेल रहा है।

2 पक्षी आकाश में उड़ रहे थे।

प्रश्न 12 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित क्रियविशेषण या संबंधबोधक अव्ययों से कीजिए। **3x1=3**

1 साहिल ------- गाता है।

2 रोहित प्रश्न को -------------- पढ़ो।

3 रमेश -------------- रहीम बैठा है।

प्रश्न 13 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण शब्दों द्वारा कीजिए। **2x1=2**

1 टोकरी में ------------ आम रखे हैं।

2 ------------ समोसा खाकर मज़ा आ गया।

प्रश्न 14 क) दिए गए वाक्यों का अनुवाद अंग्रेजी में कीजिए। **2x1=2**

1 क्या तुम खेल रहे हो ?

2 जमुना तबला बजा रही है।

ख) दिए गए वाक्यों का अनुवाद हिंदी में कीजिए। **2x1=2**

1 I am not fighting with you.

2 Are you coming to our school?

प्रश्न 15 दिए गए चित्र का वर्णन 20-25 शब्दों में कीजिए। **3**



प्रश्न 16 **दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5×1=5**

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है। यह वनों में पाया जाता है। इसकी देह पतली और हल्की होती है। इस पर गहरी कत्थई की धारियाँ बहुत सुंदर लगती हैं। इसका मुँह छोटा होता है और गरदन पर अयाल नहीं होते हैं। इसकी दहाड़ शेर के समान दिल दहलाने वाली होती है। यह हमेशा टेढ़ी चाल चलता है और कभी अपने शिकार पर सामने से आक्रमण नहीं करता है। इसका आक्रमण हमेशा छिपकर होता है। यह चालाक और धूर्त पशु है। इसकी छलाँग शेर से लंबी होती है और दौड़ने का वेग भी अधिक होता है। यह खूँखार मांसाहारी पशुओं मे स्फूर्ति के लिए प्रसिद्ध है।यह अपनी माँद में छिपा आराम करता है। यह रात्रि के समय अपने शिकार के लिए निकलता है। यह कभी-कभी वन से लगे गाँवों में जाकर भेड़, भैंस आदि को भी उठाकर ले आता है। फिर एकांत में बैठकर उसे खाता है। बाघ स्फूर्ति, चतुराई, साहस और तीव्रता का प्रीक होने कारण भारत का राष्ट्रीय पशु माना जाता है।

प्रश्न

1. भारत का राष्ट्रीय पशु क्या है?
2. बाघ कैसी चाल चलता है?
3. बाघ किसके लिए प्रसिद्ध है?
4. बाघ शिकार के लिए कब निकलता है?
5. **1** बड़ा और **2** आलस्य शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

प्रश्न 17 **छोटे भाई को समय का सदुपयोग समझाते हुए पत्र लिखिए।** **5**

या

प्रधानाचार्य जी को दो दिन की छुट्टी के लिए पत्र लिखिए।

प्रश्न 18 **किसी एक विषय पर लगभग 120 से 130 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

1 मेहनत का फल **2** हमारे विद्यालय का खेल दिवस **3** व्यायाम का महत्त्व

End of the question paper.